www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, शुक्रवार,27 फरवरी 2026


सुविचार



शांति की शुरुआत एक मुस्कान के साथ होती है... दुनिया को ठीक करने का तरीका यह है कि आप अपने परिवार से शुरुआत करें"।

-मदर टेरेसा


**लखनऊ के प्रमुख समाचार**

- पिता की हत्या के बाद सरेंडर की तैयारी में था अक्षत II
- ईश्वर की ओर से अनिवार्य इबादत का इनकार करने वाला काफिर III
- लखनऊ के अरशान ने किया रजत पर कब्जा IV




**रमजान का नौवां दिन**

| सहरी | इफ्तार |
| --- | --- |
| सुन्नी : 5:11 | सुन्नी : 6:08 |
| शिया : 5:01 | शिया : 6:18 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**शहर में आज**



- एकेटीयू में विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों को रोबोट व ड्रोन संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन- 9:00 बजे से ।
- गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स हाल में उप्र मीन महोत्सव और एक्का एक्सपो का आयोजन- 10:00 बजे से।
- महर्षि इंफार्मेशन व तकनीकी विश्वविद्यालय में वार्षिक खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम- 1:00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# मेस में ताला डालकर भूख हड़ताल पर बैठीं छात्राएं

## लविवि के गंगा महिला छात्रावास में भोजन के बाद बुधवार रात दो और गुरुवार को एक छात्रा की तबियत बिगड़ने पर भड़का गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्राओं के बीच पहुंचे कुलपति ने तीन घंटे तक किया संवाद
- खाना परोसने पर पुरुष कर्मी लगाने पर जताई नाराजगी
- छा कुलसचिव ने जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति बनाई

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के गंगा महिला छात्रावास में खराब भोजन करने से बुधवार रात दो और गुरुवार दोपहर एक छात्रा की तबीयत बिगड़ गई। खराब खाने और प्रोवोस्ट पर व्यवहार ठीक न होने का आरोप लगाकर छात्राओं ने मेस में ताला बंद कर भूख हड़ताल शुरु कर दी। कुलपति और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रावास जाकर छात्राओं से बातचीत की। कुलपति से दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर छात्राओं ने मेस का ताला खोला। मामले की जांच के लिए कुलसचिव ने पांच सदस्यीय समिति बनाई है। इस बीच कई छात्राओं ने ऑनलाइन भोजन मंगाया।

लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रावासों में खराब खाने की शिकायत छात्र-छात्राएं लंबे समय से करते आ रहे हैं। बुधवार रात गंगा महिला छात्रावास में भोजन करने के बाद दो छात्राओं की तबियत बिगड़ गई। उनको स्कूटी पर बैठाकर अस्पताल पहुंचाया गया। गुरुवार सुबह फिर एक छात्रा बीमार हो गई। इसके बाद छात्राओं का गुस्सा बढ़ गई। उन्होंने मेस में ताला बंद कर भूख हड़ताल शुरु कर दी। जानकारी मिलने पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कुलपति छात्रावास पहुंचे। छात्राओं ने मेस के खाने की गुणवत्ता खराब होने और हॉस्टल की प्रोवोस्ट डॉ. नीतम सिंह का व्यवहार ठीक न होने का आरोप लगाया। छात्राओं का कहना था कि डॉ. नीतम अपमानजनक टिप्पणी कर चरित्र पर उंगली भी उठाती हैं। लगभग तीन घंटे तक चले इस संवाद में उन्होंने छात्राओं की शैक्षणिक, प्रशासनिक और व्यक्तिगत समस्याओं को समझने का प्रयास किया। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने गंगा छात्रावास का निरीक्षण किया। वहां भोजन परोसने के कार्य में पुरुष कर्मियों की नियुक्ति की जानकारी होने पर नाराजगी जताई। प्रोवोस्ट को महिला कर्मियों को लगाने का निर्देश दिया। लॉ फैकल्टी में अनुरक्षण से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कुलपति ने निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का तत्काल समाधान किया जाए और इसकी रिपोर्ट उन्हें प्रस्तुत की जाए। इसके पश्चात कुलपति ने होमी जहांगीर भाभा बॉयज़ हॉस्टल का निरीक्षण किया।



ताला लगाकर मेस के गेट के बाहर खड़ी गंगा महिला छात्रावास छात्राएं और छात्राओं से उनकी समस्याओं की जानकारी लेते कुलपति प्रो. जेपी सैनी।

### तथ्यों के आधार पर कार्रवाई होगी : प्रवक्ता

- लविवि के प्रवक्ता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने कहा कि छात्रा की तबीयत खराब होने की सूचना मिलते ही डॉक्टर से जांच कराई गई, जिसमें वह पूरी तरह स्वस्थ पाई गई। मामले की जांच कराई जा रही है और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### हम पर डाला जा रहा चुप रहने का दबाव

- छात्रा मेघना ने कहा कि कुलपति ने हमारी बातों को सुना है, भरोसा है कि वह प्रोवोस्ट को बदल देंगे। हम पर चुप रहने का दबाव बनाया जा रहा है। छात्राओं ने आरोप लगाया है कि दूषित भोजन के खिलाफ धरने पर बैठने के दौरान प्रोवोस्ट नीतम सिंह ने धमकाया था। शिकायतों को गंभीरता से लेने के बजाय दबाव बनाया जा रहा है। छात्रा दिव्या, सीलोरी, लकी, मेघना, कशिश ने कहा कि रात में तबियत खराब हो जाए तो अस्पताल जाने का कोई साधन नहीं है। मेस के खाने के जब तबियत खराब हुई तो स्कूटी पर बैठाकर ले जाना पड़ा। यहां कोई एंबुलेंस नहीं है। हॉस्टल में पैरासिटामॉल के चार टैबलेट ही थीं।

# हल्दीराम स्टोर में मिले 1.12 क्विंटल एक्सपायर राजभोग और सोन पापड़ी

## स्वरूप कोल्ड स्टोरेज में रखा 10415 किलोग्राम खोवा भी सीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- खराब खाद्य सामग्री को होली पर खपाने की तैयारी थी
- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने भरे 15 सैंपल

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने गुरुवार को हल्दीराम स्टोर में एक्सपायर राजभोग और सोन पापड़ी पकड़ी। ये माल होली पर खपाने की तैयारी थी। मिलावट की आशंका पर मिलावट की आशंका पर यहां से काजू कतली, असॉर्टेड पेड़ा, रसगुल्ला, गुलाब जामुन, पेठा, गुजिया व सोनपापड़ी के सैंपल भी लिए। स्वरूप कोल्ड स्टोरेज में मिलावट की आशंका पर 10415 किलोग्राम खोवा और काली मिर्च सीज किया गया। टीम ने 15 खाद्य पदार्थों के सैपल लेकर परीक्षण के लिए भेजे। खोवा और काली मिर्च की कीमत 55,91,750 रुपये बताई गई है।

सहायक खाद्य आयुक्त विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को टीमों ने एसआर सेल्स फैजुल्लागंज, मोहिबुल्लापुर स्थित हल्दीराम के स्टोरेज पर छापा मारा। वहां एक्सपायर डेट की एक क्विंटल 12 किलोग्राम राजभोग व सोनपापड़ी मिली, जिसे नष्ट कराया गया। 45 हजार कीमत का ये माल होली पर खपाने की तैयारी थी।

इसके बाद ऐसबाग स्थित स्वरूप कोल्ड स्टोरेज पर 54,78,350 रुपये की 10,037 किलोग्राम काली मिर्च और 1,13,400 रुपये का 378 किलोग्राम खोवा मिलावट की आशंका पर सीज किया। साथ ही काली मिर्च, खोवा, सौंफ के सैंपल लिए। इसके अलावा महानगर में ग्लोब कैफे से पनीर और गुझिया के सैंपल लेकर परीक्षण के लिए भेजे गए। सहायक खाद्य आयुक्त ने बताया कि सैंपल फेल होने पर कार्रवाई की जाएगी। टीम ने मड़ियांव क्षेत्र में फूड सेफ्टी वैन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।



एसआर सेल्स में जांच करते सहायक आयुक्त खाद्य विजय प्रताप सिंह।

### अवैध होर्डिंग्स और बैनर जब्त कर वसूले 1.5 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के प्रचार विभाग ने गुरुवार को अभियान चलाकर अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग्स व बैनर जब्त कर एजेंसियों से 1.5 करोड़ रुपये जुर्माना वसूला। प्रभारी अधिकारी प्रचार विनीत सिंह के निर्देशन में कर अधीक्षक (प्रचार) ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया। टीम ने सुल्तानपुर रोड क्षेत्र में मेसर्स आउटडोर लैब्स एडवरटाइजिंग के विज्ञापन पट और शहीद पथ से मेसर्स अवध मीडिया एडवरटाइजिंग तथा कानपुर रोड से मेसर्स न्यू लिंटास एडवरटाइजिंग के विज्ञापन हटाए। संबंधित एजेंसियों से लंबित अनुज्ञा शुल्क भी जमा कराया। 1,5,08,546 रुपये वसूलकर नगर निगम कोष में जमा किए गए। उधर, जोन-7 क्षेत्र में भूतनाथ मार्केट से आजाद मार्केट तक सड़क के दोनों किनारों व नाली और नालों पर अतिक्रमण हटाया। मौके पर सामान जब्त किया। अवैध होर्डिंग्स, बैनर और पोस्टर जब्त करते हुए कार्रवाई की। इसी तरह जोन-8 में पुलिस बल और 296 टीम ने साउथ सिटी चौकी से मिलेनियम स्कूल व साउथ सिटी अंडरपास तक अतिक्रमण हटाया और सामान जब्त किया।



शहर के लोगों पर होली का खुमार छाने लगा है। गुरुवार को गोमती नगर स्थित लोहिया पार्क में एक संगठन की ओर से होलिका उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें रंग और गुलाल उड़ाकर युवक-युवतियां फिल्मी गीतों पर जमकर थिरके। अमृत विचार

**सिटी ब्रीफ**

### होली के दिन 2:30 बजे से रात 10:30 बजे तक चलेगी मेट्रो

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली पर 4 मार्च को लखनऊ मेट्रो की ट्रेन सेवाएं संशोधित समयानुसार संचालित की जाएंगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेट्रो का संचालन दोपहर 2:30 बजे से रात 10:30 बजे तक किया जाएगा। मेट्रो सेवाएं दोनों टर्मिनल स्टेशनों सीसीएस एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन और मुंशीपुलिया मेट्रो स्टेशन से दोपहर 2:30 बजे शुरु होंगी। इसके बाद ट्रेनों का संचालन निर्धारित समयानुसार जारी रहेगा और अंतिम ट्रेन रात 10:30 बजे तक चलेगी। प्रबंधन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा की योजना बनाते समय संशोधित समय-सारिणी का ध्यान रखें और सुरक्षित और सुगम यात्रा के लिए मेट्रो सेवाओं का उपयोग करें।

### 28 को ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण स्थगित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के ग्रीन कॉरिडोर के लोकार्पण की तेजी से चल रही तैयारी पर स्थगन का ब्रेक लग गया। 28 फरवरी को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। लोकार्पण अब होली बाद किया जाएगा। गुरुवार को सूचना मिलते ही झूलेलाल वाटिका में जनसभा के लिए लगा पंडाल व अन्य सामान समेट दिया गया। सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी और प्रभारी कार्यालय एवं जन संपर्क डॉ. राघवेंद्र शुक्ल ने यह जानकारी दी। इसके बाद पंडाल आदि सामान हटाया गया। वहीं, विवेक खंड में एलडीए के लक्ष्मण मंडपम् का भी 28 फरवरी को उद्घाटन होना था। यहां भी टेंट आदि लगाए गए थे। यह कार्यक्रम भी स्थगित हो गया।

### शोध के लिए केजीएमयू सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू ने शोध के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय को लगातार तीसरी बार डीएचआर-एमआरयू एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि के साथ संस्थान ने शोध प्रदर्शन में हैट्रिक दर्ज की है। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह का कहना है कि यह सम्मान विश्वविद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शोध, उच्च शैक्षणिक मानकों के लिए मिला है। इस सफलता का श्रेय कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद के लगातार प्रयास व प्रोत्साहन से मिला है। कुलपति ने शोध परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग, शोधकर्ताओं का उत्साहवर्धन और संस्थागत शोध व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय का रिसर्च इकोसिस्टम और मजबूत हुआ है, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर यह पहचान संभव हो सकी

# शिकायतों में लगा दी निस्तारण की झूठी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- मुख्य सचिव की समीक्षा में खुली पोल 23 अधिकारी पर कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार :** नगर निगम के अधिकारियों और इंजीनियरों ने आईजीआरएस पर की गई शिकायतों का फर्जी निस्तारण कर आख्या लगा दी। जांच में 23 अधिकारी दोषी पाए गए हैं। इन अधिकारियों ने सड़क मरम्मत से हाउस टैक्स असेसमेंट तक की 300 से अधिक शिकायतों में निस्तारण की झूठी रिपोर्ट लगा दी।

मुख्य सचिव कार्यालय में समीक्षा में पोल खुल गई। अब नगर आयुक्त गौरव कुमार ने संबंधित अधिकारियों से दो दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। इन अधिकारियों ने जोन के जोनल अधिकारी, चीफ इंजीनियरिंग, जीएम जलकल, अधिशासी अभियंत से लेकर संपत्ति विभाग के अधिकारी शामिल हैं। अब इन अधिकारियों पर शासन से कार्रवाई तय है। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने 17 फरवरी को वीडियो कॉफ्रेंसिंग से आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की थी। उन्होंने जिलाधिकारी विशाख जी को आईजीआरएस में झूठी रिपोर्ट लगाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर कार्रवाई के निर्देश दिए। आम जनमानस से जुड़ी शिकायतों की झूठी रिपोर्ट लगाने में सबसे आगे जोन स्तर पर जोनल अफसर शामिल हैं। साथ ही आरआर चीफ इंजीनियर और संपत्ति प्रभारी भी दोषी पाए हैं। नगर आयुक्त सभी अफसरों से स्पष्टीकरण लेकर शासन को रिपोर्ट के साथ भेजेंगे।

### फर्जी निस्तारण में ये अधिकारी व इंजीनियर शामिल

- जोनल अधिकारी ओपी सिंह, संजय यादव, आकाश कुमार, शिल्पा कुमारी, विनित सिंह, अमरजीत यादव, विकास सिंह, जोनल अधिकारी/संपत्ति प्रभारी रामेश्वर प्रसाद, चीफ इंजिनियर मनोज प्रभात, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, अधिशासी अभियंता अतुल मिश्रा, संजय पांडेय, नजमी, शील श्रीवास्तव, अशोक यादव, एई आलोक श्रीवास्तव

### लविवि की लाल बारादरी में नमाज पढ़ने, इफ्तार करने वालों पर रिपोर्ट

**अमृत विचार , लखनऊ:** लविवि की लाल बारादरी सार्वजनिक स्थल पर रोजा इफ्तार और नमाज पढ़ने वालों के खिलाफ विवि की कुल सचिव डॉक्टर भावना मिश्रा की शिकायत पर हसनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

वीडियो के आधार पर पुलिस आरोपियों को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इंस्पेक्टर हसनगंज चितवन कुमार ने बताया कि 22 फरवरी को फेंसिंग के दौरान कुछ छात्र-छात्राओं और उनके साथ बाहरी लोगों ने लाल बारादरी निर्माण स्थल पर तोड़फोड़ की थी। रोके जाने पर विरोध कर सरकारी कार्य में बाधा पैदा की थी। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थल पर नमाज पढ़कर रोजा इफ्तार किया था। विवि परिसर में अराजकता कर अव्यवस्था फैलाई गई थी। यही नहीं टोकने पर सुरक्षा कर्मियों को मारापीटा और धमकाया गया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों द्वारा सौंपे गए वीडियो के आधार पर बवाल करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है।

**बाजार** — रजवाड़ा शाही बॉस्केट, गुलमोहर बाक्स और फैमिली टोकरी से सजीं दुकानें

# होली के गिफ्ट पैक में मिठाइयां, पिचकारी और गुलाल

नीरज मिश्र अभिषेक, लखनऊ

**अमृत विचार:** होली के त्योहार पर मेहमान नवाजी पर भी बाजारीकरण हावी दिख रहा है। घरों में बनी गुझिया खिलाने की जगह गिफ्ट पैक का चलन बढ़ गया है। कंपनियां भी इसे खूब भुना रही हैं। बाजार रजवाड़ा शाही बॉस्केट, फिर गुलमोहर बाक्स और फैमिली टोकरी जैसे गिफ्ट पैक से भरे पड़े हैं। गिफ्ट पैके में मिठाइयां, नमकीन, ड्राई फ्रूट्स के साथ हर्बल गुलाल, आकर्षक पिचकारियां सब कुछ है। अलग-अलग डिजाइन और बास्केट में पिरोए गए गिफ्ट हैम्पर्स और कॉम्बो पैक भी हैं। इन गिफ्ट पैक की कीमत 1050 रुपये से 15,000 से 18,000 रुपये तक है।

कई ग्राहक अपने रिश्तेदारों और मित्रों को देश-विदेश में गिफ्ट भेजने के लिए ऑर्डर दे रहे हैं। इसे देखते हुए दुकानों पर विशेष पैकिंग और कोरियर की व्यवस्था की गई है। शाही बॉस्केट, गुलमोहर, प्लग बॉक्स में रोस्टेड काजू, बादाम, ठंडाई मेवा गुझियां, अंजीर, गुलाल, पिचकारी सहित 15 से अधिक आइटमों के साथ इस बॉक्स को बनाया गया है। इसके अलावा मयूर डिलाइट बॉक्स 2150, ब्लू लोटस बॉक्स और वेलोरा गिफ्ट हैम्पर 2450 रुपये का है। अन्य वैराइटियों में वेलवेट मेहमान ट्रे 2450, क्रिस्टल ब्लू बॉक्स 2500, सिग्नेचर गार्डेन और महफिल टी श्योर बॉक्स 2850 रुपये में मौजूद है। इसके साथ ही ऑरेंज होली कॉम्बो 2650, आइरा प्लग बॉक्स 3250 रुपये के साथ रॉयल लैगिसी बॉक्स 3150 रुपये के हैं। हर एक ग्राहक तक पहुंचने के लिए फेसटिव मिलन बॉक्स भी लाया गया है, जो 1050 रुपये का है। इस बॉक्स में काजू दालमोठ, पुदीना नमकीन, मेवा गुझियां सहित अन्य वैराइटी हैं।



दुकान पर रखे होली त्योहार के लिए गिफ्ट पैक।

### प्रीमियम गिफ्ट आइटमों के डिब्बे में ठंडाई भी

- गोमतीनगर स्थित मधुरिमा रेस्टोरेंट के मैनेजर मनीष ने बताया कि रजवाड़ा शगुन बॉस्केट जिसकी कीमत 15000 रु है। इसमें वेफर क्रस्ट गुझियां, मेवा कचोरी, दाल समोसा, नमकपारा, चॉकलेट, बेसन ड्राई फ्रूट्स, मेवा समोसा, चोकी बोस्टिक, किशमिश, रोस्टेड अलमंड, कैंडी क्यूब, मसाला टी, काजू, पिस्ता बादाम, ठंडाई, गुलाल, पिचकारी सहित कई अन्य वैराइटियों के साथ इस बॉक्स को सजाया है। इसके अलावा ठंडाई 500 एमएल सिरप 575, मधुर शाही बॉस्केट 7500, रंगोत्सव शगुन बॉस्केट 6550 रुपये में ग्राहकों के लिए मौजूद है।



गिफ्ट पैक।

# दवाओं के सटीक असर को शोध पत्रों का विश्लेषण भी जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू में आयोजित सेमिनार में बोले डॉ. वीरेंद्र आतम

**अमृत विचार :** दवाओं के सटीक असर जानने के लिए केवल एक अध्ययन पर्याप्त नहीं होता है। बल्कि कई शोध पत्रों के विश्लेषण की भी आवश्यकता होती है। यही कार्य सिस्टमैटिक रिव्यू और मेटा-एनालिसिस करते हैं।

यह बात केजीएमयू के मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र आतम ने गुरुवार का केजीएमयू में आयोजित सेमिनार में कही फार्माकोलॉजी विभाग के प्रेक्षागृह में बेसिक्स ऑफ सिस्टमैटिक रिव्यू एंड मेटा-एनालिसिस विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. आतम ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान में साक्ष्य आधारित इलाज के लिए विभिन्न अध्ययनों के निष्कर्षों को एक साथ जोड़कर विश्लेषण करना जरूरी है। इससे इलाज की प्रभावशीलता और सुरक्षा का अधिक भरोसेमंद आकलन संभव होता है। उन्होंने कहाकि शोध पद्धति, डेटा चयन और सांख्यिकीय विश्लेषण की बारीकियों पर प्रकाश डाला। फार्माकोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आरके दीक्षित ने कहा कि व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-एनालिसिस न केवल शोध की गुणवत्ता बढ़ाते हैं, बल्कि नीति निर्धारण और क्लीनिकल गाइडलाइन तैयार करने में भी मदद मिलती है। डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि किसी एक रिसर्च के आधार पर दवा लिखना उचित नहीं है। क्योंकि अलग-अलग अध्ययनों में परिणाम भिन्न हो सकते हैं। सभी उपलब्ध शोधों का विश्लेषण कर तैयार की गई समेकित रिपोर्ट के आधार पर उपचार अधिक प्रभावी और सुरक्षित बनता है।

## सिटी ब्रीफ

### इजराइल भेजने के नाम पर ठगे चार लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** इजराइल भेजने के नाम पर जालसाजों ने दो सगे भाइयों से चार लाख रुपये की ठगी की। कुशीनगर के कुबेर स्थान स्थित पचरुखिया निवासी अनिल के मुताबिक 2025 में विदेश में नौकरी के लिए आनलाइन सर्च किया था। इस दौरान अल फहद इंटरप्राइजेज कंपनी के बारे में जानकारी हुई। वेबसाइट पर दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो राकेश कुमार से बात हुई। उन्होंने विभूतिखंड स्थित कंपनी के आफिस बुलाया जहां फिरोज और रफीक नाम के व्यक्तियों ने चार लाख रुपये में अनिल और उनके भाई राकेश को इजराइल भेजने की बात कही और मेडिकल भी कराया। इसके बाद चार लाख रुपये लेकर टिकट और वीजा दे दिया। इजराइल जाने के लिए दोनों लोग जब मुंबई पहुंचे तो उन्हें पता चला की टिकट और वीजा फर्जी है। मुंबई से लखनऊ आकर उन्होंने दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया लेकिन नंबर बंद थे। इस पर पीड़ितों ने विभूतिखंड थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। विभूतिखंड इंस्पेक्टर अमर सिंह के मुताबिक आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### बंधन इंफ्राटेक ने महिला के हड़पे 9.80 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** रियल एस्टेट कंपनी बंधन इंफ्राटेक ने प्लॉट दिलाने के नाम पर महिला से 9.80 लाख रुपये हड़प लिए। इंदिरानगर के सियाराम विहार कॉलोनी निवासी कांति वर्मा ने बताया कि सितंबर 2025 में प्लॉट के लिए मुंशी पुलिया स्थित बंधन इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड में संपर्क किया। वहां उनकी मुलाकात कंपनी निदेशक इंदल बहादुर सिंह से हुई। आरोपी ने प्लॉट दिलाने की बात कहकर नकद व खाते में 9.80 लाख रुपये लिए। पीड़ित ने रजिस्ट्री के लिए संपर्क किया तो टालमटोल की। पीड़िता ने इंदिरानगर थाने में शिकायत की। पुलिस के सामने आरोपी इंदल बहादुर ने जनवरी 2026 में रजिस्ट्री करने का आश्वासन दिया। तय समय बाद रजिस्ट्री न होने पर कांति ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने चेक दिया, जो बाउंस हो गया। गाजीपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर इंदल बहादुर सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### डॉगी को मारने पर दो पक्ष भिड़े

**अमृत विचार, लखनऊ :** सआदतगंज इलाके में कुत्ते को लात मारने पर बुधवार देर शाम दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों बीच जमकर लाठी, डंडे चले। मारपीट के दौरान मां-बेटे समेत कई लोग घायल हो गए। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया कि झरियन तालाब निवासी प्राची बुधवार शाम घर के पास गैलरी से गुजर रही थी। इसी दौरान सूरज तिवारी का कुत्ता उसपर झपटा। कुत्ते से परेशान स्थानीय लोगों ने विरोध किया। पड़ोसी ऊषा प्रजापति ने कुत्ते को लात मार दी। इस पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया और लाठी, डंडे चले। मारपीट के दौरान सूरज, उसकी मां पूनम घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष के आशीष, ऊषा, रोहित, अंशु और प्राची घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर के केसरी खेड़ा में बुधवार देर रात रेलवे फाटक पार करते वक्त ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मूलरूप से बहराइच के मुन्ना सिंह का पुरवा विशेश्वरगंज निवासी शिवा सिंह (36) मजदूर था। परिजन ने बताया कि शिवा पारा थानाक्षेत्र के सदरौना काशीराम कॉलोनी में अपने भाई अयोध्या सिंह के साथ रहकर कानपुर रोड पर एक ढाबे में वेटर था। बुधवार देर रात करीब दो बजे वह अपने काम से घर लौट रहा था। तभी केसरी खेड़ा स्थित रेलवे फाटक को वह पार कर रहा था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस घायल को लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंची। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### गुम हुआ मोबाइल, खाते से निकले 95 हजार

**अमृत विचार, आलमबाग :** आशियाना इलाके में करीब सप्ताह भर पहले एक युवक का गुम हुए मोबाइल फोन से 95 हजार रुपये जालसाज ने पार कर दिए। पीड़ित ने साइबर सेल व आशियाना थाने में शिकायत की है। एल्डिको उद्यान प्रथम हारमोनी एन्क्लेव निवासी अजय तिवारी ने बताया कि 17 फरवरी की शाम उनका मोबाइल फोन लोक कल्याणेश्वर मंदिर के पास से चोरी हो गया था। जिसकी शिकायत थाने पर कर दी थी और मोबाइल फोन में लगे दोनों नंबर को कंपनी से ब्लॉक करा दिया था। आरोप है कि 18 फरवरी को उनके आईसीसीआईसी बैंक खाते से जालसाज ने 95,501 रुपये पार कर दिए।

# पिता की हत्या के बाद सरेंडर करने की तैयारी में था अक्षत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- करीबी के कहने पर गुमशुदगी का प्लान रचकर खुद को बचाने में जुटा
- कॉल डिटेल की मदद से आशियाना पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचारः** आशियाना सेक्टर-एल में पैथालॉजी संचालक व शराब कारोबारी मानवेंद्र सिंह (49) की हत्या के आरोप में गिरफ्तार बेटे अक्षत सिंह से पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारियां हाथ लगी हैं। 20 फरवरी की तड़के पिता की गोली मारकर हत्या करने के बाद अक्षत रातभर उहापोह की स्थिति में रहा। सोचता रहा कि अब उसे क्या करना है? तय किया कि वह पुलिस को कॉल करेगा या लाइसेंसी रायफल ले जाकर आशियाना थाने में अपना गुनाह बताते हुए समर्पण कर देगा। इसी दौरान किसी करीबी की कॉल से उसने सरेंडर कर गुनाह कबूलने के बजाए शव के टुकड़े कर उन्हें ठिकाने लगाने की साजिश रच डाली।

करीबी के कहने पर ही वह पिता मानवेंद्र की गुमशुदगी दर्ज कराने थाने गया था। हालांकि वह करीबी कौन है? इसपर अक्षत चुप्पी साधे रहा। आशियाना पुलिस हत्याकांड में शामिल उस करीबी को बेनकाब करने के लिए सर्विलांस की मदद ले रही है। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि अक्षत पहले समर्पण की तैयारी में था, लेकिन फिर किसी बहकावे में आकर या किसी से बात करने के बाद हाथ-पैर काटकर शव को ठिकाने लगाने का काम किया था। आरोपी अक्षत समेत परिवार के अन्य लोगों की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। अगर हत्या में किसी के खिलाफ कोई भी साक्ष्य मिला तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।


पुलिस की गिरफ्त में अक्षत। अमृत विचार

अक्षत ने पूछताछ में बताया था कि 19 फरवरी की रात पापा ने नशे में उसे गंदी गालियां देते हुए पीटा था। यही नहीं उसपर रायफल तानते हुए गोली मारने की धमकी दी थी। यह देख उसने और छोटी बहन कृति ने किसी तरह समझाकर शांत कराया। पिता के सोने के बाद जहन में इतना गुस्सा भरा था कि 20 फरवरी की तड़के उसी रायफल से पिता की गोली मार कर हत्या कर दी। बहन आयी तो उसे धमकाकर कमरे में बंद कर दिया था। फिर पिता का शव बाथरूम में खींचकर ले गया। दीवार पर लगे मांस के लोथड़े और खून साफ किया।

उसके बाद ऑनलाइन चाकू मंगवाया। फिर बाजार जाकर आरी और ड्रम खरीदकर लाया। शव को ड्रम में डालने लगा। फिट नहीं होने पर दोबारा खींचकर बाथरूम में लाया और आरी व चाकू से हाथ-पैर काटकर बोरी में रखे। शेष शव को ड्रम में भरकर भूतल पर ले जाकर रखा था। हाथ-पैर फेंकने और अन्य साक्ष्य मिटाने के बाद करीबी को फोन कर कहा कि गलती से पापा को मार दिया है अब थाने में समर्पण करने जा रहा हूं। करीबी के मना करने पर पिता के लापता होने की कहानी गढ़ते हुए 21 फरवरी को गुमशुदगी दर्ज कराने थाने गया था। पूछताछ में अक्षत पर पुलिस को शक हुआ। पुलिस के सवालों में वह फंसा और अपना गुनाह कबूल कर लिया।

### 250 कैमरे खंगाले, अकेले कार से जाते दिखा अक्षत

■ पुलिस की तीन टीमों ने करीब 250 से अधिक कैमरों की पड़ताल की। कई स्थलों पर अक्षत कार से अकेले ही जाते दिखा। पुलिस अक्षत की कॉल डिटेल व व्हाट्सएप चैट खंगाल रही है। गुरुवार को कारोबारी मानवेंद्र के घर के बाहर उनके पिता और कई अन्य रिश्तेदार घर के बाहर कुर्सी डाले बैठे रहे। मोहल्ले में इसी बात की चर्चा हो रही है कि क्या अक्षत नीट की तैयारी के दबाव में पिता की हत्या कर सकता है।

### छात्र पर हमला करने वाले पांच गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा के अंधे की चौकी के पास बुधवार देर रात को दबंगों ने छात्र को पीट दिया। घटना से नाराज ग्रामीणों ने दुबग्गा थाना घेर लिया। हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने इस मामले में गुरुवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

छंदोईया गांव निवासी फय्याज अली जिम संचालक हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार देर रात उनका बेटा नुमान किसी काम से अंधे की चौकी के पास गए थे। चाय की दुकान पर पहले से मौजूद गद्दी बगिया निवासी दबंग सुफियान, रेहान समेत एक दर्जन लोगों ने नुमान पर लाठी-डंडो और लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

# कूड़ा ठेकेदार ने कर्मी को बंधक बनाकर रातभर पीटा, मौत

## बाथरूम का बहाना बनाकर भागा कर्मी, परिजन ने पहुंचाया अस्पताल, हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बिना बताए छुट्टी लेने पर ठेकेदार ने बेटे संग मिलकर दी यातनाएं
- पत्नी की तहरीर पर बाजारखाला कोतवाली में पिता-पुत्र पर रिपोर्ट

**अमृत विचारः** बाजारखाला इलाके में बिना बताए छुट्टी पर जाने पर कूड़ा ठेकेदार व उसके बेटे ने कर्मचारी को रात भर बंधक बनाकर पीटा। सुबह बाथरूम जाने का झांसा देकर घायल भागकर मां के पास पहुंच गया। पिटाई से घायल युवक की हालत बिगड़ने लगी। परिजन ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

मूल रूप से आसाम निवासी ऐनुल हक का बेटा रफीक (35) पत्नी शाइमा खातून, बेटी रूबीना, बेटे चांद मियां, लालमियां, मुस्तफिजुल के साथ सआदतगंज स्थित राजकुमार पार्क के पास एक खाली प्लॉट में झोपड़ी डालकर रहता है। पति-पत्नी ठेकेदार रमजान के अधीन कूड़ा छाटने का काम करते थे। पत्नी ने बताया कि रफीक ने ठेकेदार से 30 हजार रुपये एडवांस लिए थे। आरोप है ठेकेदार दंपति से जबरन काम करवाता था। कुछ दिनों पहले रफीक बिना छुट्टी लेकर गऊघाट के पास रहने वाली मां रूकइया के घर गया था।

21 फरवरी को वह वापस लौटा। रफीक के लौटने की जानकारी पाकर ठेकेदार बेटे फैजुल के साथ उसकी झोपड़ी में पहुंचा। वे दोनों गुस्साते हुए रफीक को अपने साथ ले गए। उसके बाद रफीक को बांस में बांधकर पूरी रात पीटा। पिटाई से उसकी तबीयत खराब हो गई। 22 फरवरी की सुबह बाथरूम जाने का झांसा देकर रफीक भाग निकला और अपनी मां के पास पहुंच गया। बुधवार रात तबीयत बिगड़ने पर परिजन ने उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान रफीक की मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन कर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित पत्नी शाइमा ने बाजारखाला कोतवाली में शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ठेकेदार रमजान के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### लॉन कर्मी को 14 दिन तक बंधक बनाकर पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज इलाके के मैरिज लॉन मालिक व उसके परिजन ने कर्मचारी को 14 दिन तक बंधक बनाकर पीटा। निराला नगर निवासी लालता प्रसाद के मुताबिक उनका साला शरद ठाकुरगंज के बालागंज इलाके में स्थित जीबी लॉन में करीब पांच माह से नौकरी कर रहा है। आरोप है कि लॉन के मालिक शिवम बाजपेई उनकी पत्नी हिमांशी अन्य लोगों ने शरद को बंधक बना लिया। आरोपियों ने चौदह दिन तक शरद की पिटाई की। इस बीच मौका पाकर शरद ने मामले की जानकारी पिता रामधर को कॉल कर दी। वह रो-रोकर पिता को बताने लगा कि यह लोग 14 दिन से बंद किए है और उसे बहुत मार रहे है। यह सुनते ही पीड़ित के पिता और भाई विपिन शरद को छुड़ाने लॉन पहुंचे। इस पर आरोपियों ने पीड़ित पिता और भाई को भी बंधक बना लिया। और आरोपियों ने उनकी भी पिटाई कर दी। मंगलवार रात करीब 10 बजे तक पीड़ित पिता और भाई घर नहीं लौटे। तलाश करते हुए लालता अपने वकील मित्र के साथ बालागंज चौकी पहुंचे। वहां दरोगा करीमुल्ला उन्हें अपने साथ लॉन ले गए। जहां आरोपियों ने दरोगा के सामने पीड़ित से धक्का-मुक्की की और लॉन का गेट बंद कर लिया। पीड़ित की सूचना पर ठाकुरगंज थाने का पुलिस बल लॉन पहुंचा। पुलिस कर्मियों ने पीड़ितों को लॉन से बाहर निकाला। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ ठाकुरगंज थाने रिपोर्ट दर्ज कराई। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि लॉन मालिक का कर्मी से रुपये के लेन-देन का विवाद है। कर्मचारी ने एडवांस में लॉन मालिक से रुपये ले रखे हैं और वह नौकरी छोड़कर जाने की बात कह रहा था। इसके के चलते दोनों के बीच विवाद हुआ है। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# लोहिया अस्पताल में तैनात डॉक्टर दंपति समेत 76 पर एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लोहिया अस्पताल में तैनात डॉक्टर दंपति समेत 76 पर एफआईआर
- विनीत खंड स्थित वेयर हाउस में डकैती डालने व मारपीट का आरोप
- कोर्ट के आदेश पर गोमतीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर की जांच शुरू

**अमृत विचारः** गोमतीनगर विनीत खंड निवासी अजीत प्रताप सिंह ने लोहिया अस्पताल के डॉक्टर दंपति समेत 76 पर डकैती व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक आरोपियों ने 19 जनवरी 2026 को उनके वेयर हाउस में पहुंचे। ताला तोड़कर सारा सामान उठा ले गये। विरोध करने पर पिटाई की। आरोप है कि पुलिस से शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने कोर्ट में अर्जी डाली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

अजीत कुमार ने बताया कि वह विज्ञापन एजेंसी राज एसोसिएट कंपनी में पार्टनर हैं। 11 अक्तूबर 2011 में उन्होंने कानपुर के किदवई नगर निवासी सुधा बाजपेई के पति स्व. प्रेम कुमार से उनकी गोमतीनगर स्थित जमीन लीज पर ली थी। लीज का समय 30 साल तक तय किया गया था। किराया प्रतिवर्ष 1.20 लाख रुपये था। लीज पर ली गई जमीन पर उन्होंने कंपनी का कार्यालय, वर्कशॉप,




वेयरहाउस और 20 लाख का यूनिपोल बनवाया था। आरोप है कि प्रेम कुमार की मृत्यु के बाद सुधा, उनके परिचित लोहिया अस्पताल के एक डॉक्टर दंपति डॉ. सुब्रत चंद्रा, उनकी पत्नी डॉ. पूजा गुप्ता उर्फ पूजा प्रेम प्रकाश गुप्ता के साथ गरिमा, इति, पंकज, रोहित और सुधा का कार चालक रामजीत जमीन पर कब्जा हासिल करने के लिए उपर दबाव डालने लगे। 19 जनवरी 2026 को सभी आरोपी अपने 70 अज्ञात साथियों संग वेयर हाउस और कार्यालय में जबरन घुस आए। विरोध करने पर आरोपियों ने सिक्योरिटी गार्ड रमाकांत, कर्मचारी सरिता, रंजीत, रमेश, उर्मिला, शिवम और दीपक के साथ मारपीट की। साथ ही मारपीट होता देखकर कर्मचारियों के बच्चे भी आ गए। आरोप है कि आरोपियों ने बच्चों को भी मारापीटा। गोदाम में तोड़फोड़ भी की। दफ्तर में रखे दो लाख रुपये, दस्तावेज, 10 टन लोहा और मशीनें उठा ले गए। अजीत ने बताया कि घटना की जानकारी उनके बड़े भाई रामानंद सिंह ने दी। वह जब वेयरहाउस पहुंचे तब तक सभी आरोपी भाग चुके थे। पीड़ित का आरोप है उन्होंने पुलिस को मामले की शिकायत की। लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्जकर ली। गोमतीनगर इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक मामले की जांच दरोगा गुरप्रीत कौर कर रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# फ्लैट का सौदा कर बुजुर्ग दंपति से ऐंठे 38 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** रविंद्रपल्ली इलाके में फ्लैट बेचने का झांसा देकर रियल एस्टेट कंपनी के निदेशक समेत पिता-पुत्र पर बुजुर्ग दंपति से 38 लाख रुपये ठगने का आरोप लगा है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के आदेश पर गाजीपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर राजेश मौर्या ने बताया कि जांच की जा रही है।

इंदिरानगर ए-ब्लॉक निवासी 74 वर्षीय सरोजरानी अग्रवाल के अनुसार, पूर्व पारिवारिक परिचित राम उग्रह तिवारी निवासी बंगला बाजार, जो पीडब्ल्यूडी में इंजीनियर हैं, वर्ष 2014 में अपने बेटे आलोक प्रकाश तिवारी और उसके मित्र सत्य प्रकाश मिश्र निवासी साउथ सिटी के साथ उनके घर आए थे। बातचीत के दौरान उन्होंने रविंद्रपल्ली में 12 फ्लैट वाले आवासीय कॉम्प्लेक्स के निर्माण की जानकारी दी और बताया कि दो फ्लैट शेष हैं। 38 लाख रुपये में फ्लैट देने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।

पीड़िता का कहना है कि अक्टूबर 2016 तक उन्होंने नकद और बैंक खाते के माध्यम से 34.50 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद हजरतगंज स्थित अभिलाषा इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सत्य प्रकाश मिश्र ने एग्रीमेंट कर एक माह में कब्जा देने का आश्वासन दिया। चेक आरएस कंस्ट्रक्शन और पनेशिया इन कॉरपोरेट के नाम से दिए गए। नवंबर 2017 तक पूरी 38 लाख रुपये की रकम देने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं की गई।

जनवरी 2022 में जब वह निर्माण स्थल पर पहुंचीं तो वहां एक परिवार रहता मिला। जानकारी करने पर अतुल कुमार ने बताया कि उन्होंने 25 लाख रुपये देकर फ्लैट की रजिस्ट्री कराई है। आरोपियों से पूछताछ करने पर उन्होंने किसी भी प्रकार के दोहरे सौदे से इंकार कर दिया और रुपये मांगने पर धमकाया। इसके बाद सरोजरानी अग्रवाल ने डीसीपी पूर्वी से शिकायत की, जिस पर गाजीपुर पुलिस ने राम उग्रह तिवारी, आलोक प्रकाश तिवारी और सत्य प्रकाश मिश्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# इवेंट कारोबारी से ठगे 92 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रुपये मांगने पर दी रेप में फंसाने की धमकी
- पीड़ित ने दंपति समेत पांच के खिलाफ पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** शूटिंग में निवेश के नाम पर परिचित व मुंबई के जालसाज ने कारोबारी को फंसाया। उसके बाद आरोपियों ने मदद के नाम पर 72 लाख रुपये ठग लिए। रुपये वापस मांगने पर दुष्कर्म का फर्जी आरोप लगाकर धमकाया। यही नहीं ब्लैकमेल कर कारोबारी से 20 लाख की कार हड़प ली। 92 लाख की ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने पीजीआई थाने में दंपति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

साउथ सिटी निवासी हेमंत कुमार राय ने बताया कि संजय सिंह उनकी फर्म में इवेंट का सारा काम देखते थे। वर्ष 2023 में परिचित संजय सिंह ने उनकी मुलाकात सैयद अख्तर हसन उर्फ पंछी जलौनी से करायी। बताया कि अख्तर




उनके गानों की शूटिंग में मदद करेंगे। वर्ष 2024 में आरोपी ने 72 लाख रुपये उधार मांगा। आश्वासन दिया कि एक साल के भीतर रुपये अदा कर देंगे। जाल में फंसे पीड़ित ने हामी भरते हुए उनकी पत्नी जूही अख्तर, भाई सैयद कादिर हसन और श्रीधाम बिल्डर के मालिक के खाते में 72 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

काफी वक्त बीतने के बाद अख्तर ने सिर्फ 50 हजार की वापस किए। शेष रकम मांगने पर आरोपियों ने ब्लैकमेल करना शुरु किया। धमकाया कि अगर रुपये की मांग की तो फर्जी दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराकर जेल भिजवा देंगे। यही नहीं आरोपियों ने ब्लैकमेल कर 20 लाख रुपये की एक कार भी पीड़ित से खरीदवा ली। पीड़ित ने बताया कि आरोपी अख्तर हसन अपने नाम के आगे पंछी जलौनी लिखकर हिंदू बनकर लोगों को फिल्म इंडस्ट्री के नाम पर कारोबारियों को फंसाते हैं।

उसके बाद फर्जी दुष्कर्म का आरोप लगाकर ठगी करते हैं। पीड़ित व्यवसायी हेमंत ने पीजीआई थाने और अधिकारियों से शिकायत की। सुनवायी न होने पर कोर्ट में गुहार लगायी। आदेश पर पीजीआई थाने में सैयद अख्तर हसन उर्फ पंछी जलौनी निवासी मुंबई, संजय सिंह निवासी हजरतगंज, जूही अख्तर, सैयद कादिर हसन और श्रीधाम बिल्डर के मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

# बस पर चढ़ रहा सुरक्षाकर्मी गोली लगने से हुआ घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस ने सुरक्षाकर्मी को भेजा अस्पताल, बंदूक ली कब्जे में

**अमृत विचारः** सुशांत गोल्फ सिटी के अहिमामऊ चौराहे पर गुरुवार सुबह सुरक्षाकर्मी को अपनी ही लाइसेंसी बंदूक से गोली लग गई। घटना के समय वह बस पर चढ़ रहा था। अचानक गोली लगने से घायल हो गया। गोली की आवाज सुनकर बस में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सुरक्षाकर्मी को पीजीआई के अपेक्स ट्रामा-2 भेजा। जहां उसका इलाज चल रहा है।

मूलतः उन्नाव के मौरावां स्थित ककरारी गांव निवासी बिंदालाल अहिमामऊ स्थित अमूल डेयरी के पास डॉ. चंद्रा की इमारत में सुरक्षाकर्मी है। वह गुरुवार सुबह अहिमामऊ चौराहे से ट्रांसपोर्ट नगर जाने के लिए नगर बस में चढ़ रहे थे। इस दौरान उनकी लाइसेंसी बंदूक से अचानक गोली चल गई। गोली सीधे सुरक्षाकर्मी के बाएं हाथ में लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में घबरा गए और फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर गोली चलने की सूचना दी। जानकारी मिलते ही सुशांत गोल्फ सिटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सुरक्षाकर्मी को एंबुलेंस से संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई) के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक घायल सुरक्षाकर्मी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजन को सूचना दी गई है। पुलिस ने बंदूक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अपराध

गेट नंबर-8 पर पुलिसकर्मियों ने चेकिंग के दौरान दबोचा

# बम विस्फोट की धमकी, पिस्टल संग पकड़े गए दो प्रॉपर्टी डीलर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** पुराना हाईकोर्ट परिसर में गुरुवार को एक बड़ी घटना होते बची। जिला एवं सत्र न्यायालय की मेल आईडी पर आई बम धमाके की धमकी पर डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव कई थानों की पुलिस टीम, बीडीएस व डॉग स्क्वॉयड के साथ चेकिंग कर रहे थे। इस बीच गेट नंबर-8 पर नशे में धुत प्रॉपर्टी डीलर और उसके साथी को चेकिंग के दौरान पिस्टल के साथ पकड़ लिया। वजीरगंज पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राजाजीपुरम का रहने वाला भानू प्रताप यादव और उसका साथी लालचंद हैं। दोनों प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रॉपर्टी डीलर भानू प्रताप का साथी उसकी पिस्टल लेकर कोर्ट के अंदर 10 लाख रुपये विवाद में चल रहे मुकदमे की सुनवाई में आ रहे थे। आशंका है कि दोनों आरोपी विपक्षी की हत्या के इरादे से आ रहे थे।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

बताया जा रहा है कि गुरुवार दोपहर जिला एवं सत्र न्यायालय की अधिकारिक आईडी पर कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने का मेल फिर आया था। इस पर डीसीपी, इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी और कई थानों का पुलिस बल बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड के साथ परिसर में चेकिंग कर रहे थे। गेट नंबर-8 पर चेकिंग के दौरान नशे में धुत दोनों प्रॉपर्टी डीलरों को पकड़ा गया। करीब 12 लाख रुपये की लेनदेन के विवाद में आरोपी भानु का एनआई एक्ट में केस चल रहा है।

# दो ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आलमबाग में झगड़े के बाद पत्नी गयी मायके, कारोबारी लटका
- पारा में नशे में घर पहुंचे सब्जी विक्रेता ने दी जान

**अमृत विचारः** आलमबाग इलाके में टेंट कारोबारी ने बुधवार रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छानबीन में पता चला कि पति से विवाद के बाद गर्भवती पत्नी मायके चली गयी थी। वहीं, पारा के हर्ष नगर कॉलोनी में किराए पर रहने वाले सब्जी विक्रेता ने फंदा लगाकर जान दे दी।

आलमबाग के ओमनगर निवासी वैभव तिवारी (25) टेंट कारोबारी था। पिता केके तिवारी ने बताया कि करीब आठ महले वैभव की शादी मधुवन नगर की रहने वाली आकांक्षा से हुई थी। आकांक्षा छह माह की गर्भवती है। दो दिन पूर्व भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ। जिसके बाद आकांक्षा मायके चली गयी थी। बुधवार रात करीब 9 बजे वैभव ने घर के छत पर लगे टीनशेड में लोहे की एंगल से दुपट्टे का सहारे फंदा लगा लिया।

रात में मां सुमन ने बेटे को फंदे से लटका देख शोर मचाया। परिजन फंदे से उतारकर वैभव को ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर आलमबाग रामबाबू सिंह ने बताया कि मृतक के परिवार दो छोटी बहने गुनगुन और राधिका है। पिता ने बहू पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

वहीं, मूलरूप से हरदोई निवासी सुनील कुमार राठौर (34) पारा के बुद्धेश्वर स्थित हर्ष नगर में किराए पर रहकर सब्जी का ठेला लगाता था। शाम को सुनील नशे की हालत में घर पहुंचे। इसके बाद पत्नी चारों बच्चों को लेकर शादी समारोह में चली गई। देर रात करीब 12 बजे जब पत्नी घर लौटी तो देखा कि सुनील कमरे में पंखे से साड़ी के सहारे फंदे से लटक रहे थे। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े। सुनील को फंदे से उतारकर रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सिटी ब्रीफ

## पांच साहित्यकारों को दिया जाएगा बाल साहित्य सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान ने बाल साहित्य संवर्धन योजना के तहत 5 बाल साहित्यकारों को सम्मानित करेगा। संस्थान की प्रधान संपादक डॉ. अमिता दुबे ने बताया कि वर्ष 2024 के लिए मेरठ की रेनू मंडल को सुभद्रा कुमारी चौहान बाल साहित्य सम्मान, अलीगढ़ के प्रेम किशोर पटाखा को सोहन लाल द्विवेदी बाल कविता सम्मान, देशबंधु शाहजहांपुरी को अमृत लाल नागर बाल कथा सम्मान दिया जाएगा। मथुरा की संतोष ऋचा को कृष्ण विनायक फड़के बाल साहित्य समीक्षा सम्मान और गोरखपुर की मल्लिका वर्मा को उमाकांत मालवीय बाल साहित्य सम्मान दिया जाएगा।

## नृत्य नाटिका आजाद रूह का मंचन कल

**अमृत विचार, लखनऊ:** कल्चरल क्वेस्ट की ओर से अमृता प्रीतम के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका आजाद रूह का मंचन 28 फरवरी को शाम साढ़े छह बजे संत गाडगे प्रेक्षागृह में करेगी। प्रस्तुति को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में नाटिका की निर्देशक कथक गुरु सुरभि सिंह ने बताया कि अमृता प्रीतम के जीवन, इमरोज के साथ प्रेम, भारत पाकिस्तान के बंटवारे का दर्द इस नाटिका मे देखने को मिलेगा। अमृता प्रीतम को समर्पित इस कार्यक्रम में संजय मल्होत्रा हमनवा की अमृता इमरोज पर लिखी पुस्तक का विमोचन भी होगा और साहित्य की 11 विभूतियों को अमृता प्रीतम सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

## सतनाम ने रिलीज किया अपना नया गाना गर्दा

**अमृत विचार, लखनऊ:** 31 वर्षों से ज्योतिष का कार्य कर रहे लखनऊ के सतनाम सिंह रेखी फिल्मों में भजन और गीत लिखने के साथ-साथ अभिनय भी करते रहे हैं। इस साल उनका नया गाना गर्दा रिलीज हो रहा है। उन्होंने गुरुवार को यूपी प्रेस क्लब में अपना नया गाना गर्दा लांच किया। उन्होंने बताया कि होली पर आधारित यह गीत लोगों में मस्ती भर देगा।

## बिजली उपभोक्ताओं को मार्च में राहत

**अमृत विचार, लखनऊ:** बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है। यूपीपीसीएल ने मार्च-26 के लिए ईंधन अधिभार शुल्क की नई दरें घोषित कर दी हैं। दिसंबर-25 की तुलना में मार्च-26 में 2.42 प्रतिशत की कमी की गई है। इस कटौती से उपभोक्ताओं को कम बिजली बिल का भुगतान करना पड़ेगा। इस निर्णय से प्रदेश के उपभोक्ताओं को लगभग 141.20 करोड़ रुपये का सीधा लाभ मिलने का अनुमान है। मार्च माह में की गई यह कमी उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत मानी जा रही है। वहीं, फरवरी माह में उपभोक्ताओं से 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार शुल्क वसूलने के आदेश के खिलाफ विद्युत उपभोक्ता परिषद ने विद्युत नियामक आयोग में विरोध दर्ज कराते हुए प्रस्ताव दाखिल किया था।

## सपना और अंशिका को मिलेगा सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी डॉ. दरबारी लाल अस्थाना ट्रस्ट की ओर से 28 फरवरी को चिनहट स्थित सनातन धाम लॉन में वरिष्ठ समाज सेवि सपना और नृत्यांगना अंशिका त्यागी को डॉ. दरबारी लाल अस्थाना सम्मान दिया जाएगा। सह-संयोजिका रत्ना अस्थाना ने बताया कि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने ही सबसे पहले साल 1876 में स्वराज्य का नारा दिया था।

# ईश्वर की ओर से अनिवार्य इबादत का इनकार करने वाला काफिर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिया और सुन्नी हेल्पलाइन पर मौलाना ने दिए रोजेदारों के सवालों के जवाब

**अमृत विचार:** रमजान के महीने में रोजेदारों को दीनी व शरई जानकारी देने के लिए शिया व सुन्नी हेल्पलाइन चल रही हैं।

आठ रमजान को कार्यालय आयतुल्लाह अल उज्मा सैयद सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी ने पूछे गए सवालों के जवाब दिए तो इस्लामिक सेन्टर ऑफ़ इंडिया की ओर से दारुल निजामिया फिरंगीमहल की हेल्पलाइन पर मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली के मार्गदर्शन में धर्मगुरुओं के पैनल ने रोजेदारों की जिज्ञासाओं को शांत किया।

शिया हेल्पलाइन पर एक रोजेदार ने सवाल किया कि जहाज पर स्थाई रूप से ड्यूटी करने वाले एयर होस्टेस के लिए रोजे के संबंध में क्या हुक्म है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि अधिक यात्रा करने वालों को रोजा रखना होगा। हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि अगर कोई व्यक्ति घर खरीदने के लिए पैसा जमा कर रहा है, तो क्या उस पर खुम्स वाजिब है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि अगर वह पैसा साल के दौरान खर्च नहीं किया जाता है, तो उस पर खुम्स वाजिब है।एक रोजेदार ने पूछा कि अगर कोई नास्तिक रोजे की अनिवार्यता को मानने से इनकार करे, तो उसके लिए क्या हुक्म है? इसके जवाब में बताया गया कि अगर कोई नास्तिक ईश्वर की ओर से अनिवार्य की गई इबादत का इनकार करता है, तो वह काफिर है।एक रोजेदार ने पूछा कि अगर कोई व्यक्ति सुबह की नमाज के समय जागा और सहरी न खा सका, तो क्या उसका रोजा सही होगा? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि सहरी खाना नबी की सुन्नत है और अगर कोई व्यक्ति सहरी नहीं खाता है, तो भी उसका रोजा सही होगा।इस्लामिक सेन्टर ऑफ़ इंडिया की हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि मिस्वाक का रेशा एक शख्स के पेट में चला गया और हर मुमकिन कोशिश के बाद भी न निकल सका, तो क्या इससे रोज़ा टूट जायेगा? जवाब में बताया गया कि इससे रोजा नही टूटेगा।

एक रोजेदार ने पूछा कि पूरा साल गुजर गया लेकिन एक शख्स ने जकात नहीं निकाली थी कि सारा माल चोरी हो गया तो क्या अब भी ज़कात अदा करना होगी? जवाब में बताया गया कि उसके जिम्मे से जकात खत्म हो गई।

एक रोजेदार ने पूछा कि एक घर में कई लोग रहते हैं और एक शख्स का अधिकार तमाम चीजों पर है, अगर वह सब की तरफ से सदका फित्र अदा करे तो क्या सिर्फ उसी को सवाब मिलेगा या सब को? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि सब को बराबर सवाब मिलेगा।

## ईद-उल-फ़ित्र पर प्रति व्यक्ति 70 रुपये का सदका अदा करें : खालिद रशीद

**अमृत विचार, लखनऊ:** दारुल इफ्ता वल कजा दारुल उलूम फिरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने बताया कि इस्लामी शरीअत के अनुसार जिन ईमान वालों को उनके खालिक व मालिक ने माल व दौलत से नवाजा है वह आर्थिक तौर पर कमजोर, जरूरतमन्द और गरीब बन्दों की हर मुमकिन सहायता करें। मालदार मुसलमानों पर हर साल जकात, सदका फित्र और कुर्बानी के आदेश इस बात का खुला सुबूत हैं। उन्होंने कहा कि सदका फित्र अदा करने का हुक्म इस्लामी शरीअत ने इसलिए दिया है कि जिन खुशकिस्मत मुसलमानों ने रमजान माह के रोजों को पूरा कर लिया है, वह ईद की नमाज से पहले गरीब मुसलमानों की मदद करें ताकि वह भी ईद की खुशियों में शरीक हो सकें। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि फितरा वाजिब है। यह उस मुसलमान पर वाजिब होता है जो निसाब का मालिक हो चाहे वह मुसाफिर यो या मुकीम, औरत हो या मर्द, नाबालिग हो या बालिग। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि हदीस में खुजूर, किशमिश, गेहूं, आटा, जौ और दही या पनीर से सदका फित्र निकालने का हुक्म है। इस लिए जो लोग खुजूर, जौ और किशमिश में से सदका फित्र अदा करें तो वह इन चीजों में से किसी एक चीज से साढ़े तीन किलो या उसकी कीमत दे दें। उन्होने कहा कि जो हजरात गेहूं से सदका अदा करें तो वह 1590 ग्राम या उसकी कीमत कम से कम 70 रुपये प्रति व्यक्ति अदा करें।



राज्य ललित कला अकादमी में लगी प्रदर्शनी में चित्र को बारीकी से देखतीं युवतियां। अमृत विचार

## 50 कलाकारों ने लखनऊ के एतिहासिक स्थलों पर बनाए चित्र, लगाई गई प्रदर्शनी

**अमृत विचार, लखनऊ:** वाराणसी की संस्था कला वृत्त ने उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उड़ीसा, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 50 से अधिक कलाकारों की लखनऊ में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कलाकारों ने घंटाघर, आर्ट्स कालेज, सआदत अली खां का मकबरा, रूमी गेट, छोटे इमामबाड़े का गेट और पिक्चर गैलरी लाइव चित्र बनाए। जलरंगों से बनाए गए 180 चित्रों की प्रदर्शनी गुरुवार को राज्य ललित कला अकादमी में शुरू हुई। इसका उद्घाटन कला एवं शिल्प महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रतन कुमार ने किया। कलावृत्त बनारस के संस्थापक कलाकारों प्रवीण पटेल, मिथिलेश प्रसाद मेली, पवन चौरसिया और मीडिया समन्वयक रोहित शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यशाला खजुराहो और बनारस के बाद समूह की तीसरी प्रमुख कला-यात्रा है, जो इतिहास और समकालीन कला के बीच एक जीवंत संवाद स्थापित करती है। प्रदर्शनी 28 फरवरी तक अवलोकनार्थ खुली रहेगी।

## राज्य संग्रहालय में हुआ व्याख्यान

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य संग्रहालय में चल रहे कला अभिरूचि पाठ्यक्रम की व्याख्यान श्रृंखला के अन्तर्गत गुरुवार को गुप्त कालीन भारतीय वास्तुकला विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वक्ता वृंदावन शोध संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव द्विवेदी के स्वागत के साथ किया गया। राज्य संग्रहालय की सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका ने कार्यक्रम में आए श्रोताओं से मुख्य वक्ता का परिचय कराया गया। डॉ. राजीव ने अपने व्याख्यान में भारतीय वास्तुकला के प्रति अपना सम्मान दर्शाया। व्याख्यान के समापन पर राज्य संग्रहालय के निदेशक डॉ. विनय कुमार सिंह ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंट स्वरूप दिया। डॉ. मीनाक्षी खेमका के संचालन में हुए इस आयोजन में संग्रहालय के शारदा प्रसाद, प्रीती साहनी, डॉ. अनीता चौरसिया, धनंजय कुमार राय, शालिनी श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, राहुल सैनी, गायत्री गुप्ता, अनुराग द्विवेदी एवं अरुण कुमार मिश्रा मौजूद रहे।



यज्ञोपवीत संस्कार कराते आचार्य।

## 51 बटुकों का हुआ यज्ञोपवीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सदगुरु कबीर साहेब वेद वेदांग गुरुकुलम के तत्वाधान में गुरुवार को सद्गुरू कबीर जागू आश्रम, दसौली बसहा, निकट इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, कुर्सी रोड पर 51 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर महंत योगेंद्र साहेब, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक सहित कई प्रमुख साधू-संतों ने बटुकों को भविष्य की शुभकामनाओं के साथ आशीर्वाद दिया। आयोजक ऋषि त्रिवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में यज्ञोपवीत समारोह की शुरूआत विधि विधान के साथ हुई। इससे पहले तय कार्यक्रम के अनुसार बटुक अपने परिवारीजनों के साथ सुबह ही पहुंच गये थे। जिन्हें बधाई देने वालों का दिन भर तांता लगा रहा है। देर शाम तक चले इस समारोह में गुरूकुलम के प्रधानाचार्य शिवपूजन दीक्षित ने बताया कि सामूहिक यज्ञोपवीत की पिछले दो कार्यक्रमों की सफलता को देखते हुये अगले 101 बटुकों का एक साथ यज्ञोपवीत करवाने का प्रयास किया जाएगा।

## आज मनाई जाएगी रंगभरी एकादशी

**अमृत विचार, लखनऊ:** फाल्गुन मास की एकादशी शुक्रवार को है। इसे रंगभरी एकादशी या आमलकी एकादशी भी कहा जाता है। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि एकादशी 27 फरवरी रात 10:32 बजे तक रहेगी। उदय तिथि के आधार पर व्रत शुक्रवार को रखा जाएगा तथा पारण 28 फरवरी की प्रातः किया जाएगा। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा और व्रत करने से पापों का क्षय होता है, करियर में उन्नति के मार्ग खुलते हैं तथा जीवन में सुख-शांति का वास होता है। धार्मिक नगरी वाराणसी में रंगभरी एकादशी का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी तिथि पर भगवान शिव माता पार्वती का गौना कराकर काशी पहुंचे थे, जहां भक्तों ने पुष्प, अबीर-गुलाल और भस्म से उनके साथ होली खेली। वहीं भगवान श्रीकृष्ण की लीला भूमि ब्रज में इसे रंगभरनी एकादशी कहा जाता है और इसी दिन से रंगों वाली होली की शुरुआत होती है। इस प्रकार यह एकादशी हरि और हर दोनों की आराधना से जुड़ा पावन पर्व है।

## पद्मश्री डॉ. राजेंद्र प्रसाद को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ:** रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ की ओर से गुरुवार को निराला नगर स्थित रोटरी भवन में 89 वां चार्टर-डे एवं रोटरी इंटरनेशनल के फाउंडेशन-डे का आयोजन किया गया। नवनिर्वाचित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एनडी रोटेरियन मंकेश्वर पांडेय अपनी पत्नी सहित सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। क्लब द्वारा विशेष रूप से पद्मश्री सम्मान से अलंकृत प्रो. डॉ. रोटेरियन राजेंद्र प्रसाद को सम्मानित किया गया। उनके सामाजिक एवं शैक्षिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया गया।अध्यक्षता रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ के अध्यक्ष रोटेरियन गणेश अग्रवाल ने की। संचालन सचिव रोटेरियन विभोर अग्रवाल द्वारा किया गया। अपने संबोधन में अध्यक्ष ने रोटरी के सेवा कार्यों, समाज के प्रति प्रतिबद्धता तथा मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ के पूर्व अध्यक्षों को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक असिस्टेंट गवर्नर रो. प्रवीण कुमार मित्तल थे।



निशान यात्रा में झूमते भक्त। अमृत विचार

# फाल्गुन द्वादशी से पहले निकली श्याम निशान यात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** श्याम मंदिर परिवार ने गुरुवार को फाल्गुन द्वादशी से पूर्व निशान यात्रा निकाली गई। इसमें 2100 से अधिक भक्तों ने ध्वजा उठाकर खाटू श्याम का जयकारा लगाया।

महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया कि निशान यात्रा में श्याम बाबा की झांकी का फूलों से श्रृंगार किया गया। जगह-जगह भक्तों ने शोभायात्रा का स्वागत किया और भंडारे कराए। ढोल-नगाड़ों की थाप, डीजे संगीत पर झूमते भक्तों डीएवी कालेज से गणेशगंज, अमीनाबाद, कैसरबाग, परिवर्तन चौक से हनुमान सेतु होते हुए गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचे। अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने बताया कि वृन्दावन निवासी प्रमोद कुमार को लकी ड्रा के माध्यम से चांदी की बांसुरी दी गई।डालीगंज निवासी अंजु गोयल खाटू श्याम बाबा की चालीसा लिखा ध्वज पर लिखकर यात्रा में शामिल हुई और ध्वज को बाबा को चढ़ाया। प्रवक्ता अनुराग साहू, राधे मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, करिश्मा अग्रवाल, अनिल गुप्ता, पंकज मिश्रा शामिल रहे।

सिटी डायरी



बैठक के बाद समिति के पदाधिकारी।

## झूलेलाल जयंती पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ:** 20 मार्च को भगवान झूलेलाल की जयंती पर सिन्धी बाहुल्य क्षेत्रों से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें दोपहिया पर महिलाएं चलेंगी। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के साथ सिन्धी डांडिया नृत्य, सिन्धी भांगड़ा करते लोग चलेंगे। गुरुवार को कमेटी की बैठक में कार्यक्रम जारी किया गया। प्रवक्ता अशोक मोतियानी ने बताया कि जयंती से 10 दिन पूर्व ही प्रत्येक दिन सिन्धी बाहुल्य क्षेत्रों में शिव शान्ति आश्रम, वीआईपी रोड, गोदड़ी वाला धाम सेवा मंडल, एस एसधाम एलडीए, अलीगंज सिन्धी पंचायत विकास नगर, शुभम सिटी, झूले लाल मंदिर, झूलेलाल पंचायत मवैया, झूले मन्दिर राजा जी पुरम, सिंधु नगर सिन्धी पंचायत कृष्णानगर, इंद्रा नगर झूले लाल मंदिर, हरिओम मंदिर सहित सभी मंदिरों में लगातार पूजा-अर्चना और भंडारे के आयोजन चलेंगे।



प्रदर्शनी में मॉडल देखतीं महापौर सुषमा खर्कवाल।

## लखनऊ को बनाएंगे सस्टेनेबल सिटी

**अमृत विचार, लखनऊ:** नई दिल्ली के भारत मंडपम में तीन दिवसीय म्युनिसिपालिका-2026 इंटरनेशनल एग्जीबिशन एंड कॉन्फ्रेंस ऑन सेफ, स्मार्ट एंड सस्टेनेबल सिटी सॉल्यूशंस में गुरुवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने प्रतिभाग किया। इस इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर शहर के विकास की नई टेक्नोलॉजी देखी और बेहतर सिटी मैनेजमेंट के सुझाव लिए। कहा कि इन अनुभवों का उपयोग करके लखनऊ को साफ, स्मार्ट और सस्टेनेबल सिटी बनाएंगे। महापौर ने दिनभर अलग-अलग सत्रों और चर्चा में लखनऊ के विकास से जुड़े विषय पर विचार साझा किए। शहर में बेहतर वॉटर मैनेजमेंट, 24x7 साफ पानी की सप्लाई, इस्तेमाल किए गए पानी का दोबारा उपयोग, नदियों को सुरक्षित रखने और कम खर्च वाली नई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल पर चर्चा की।



अभ्यास कराते प्रो. मधु भट्ट तैलंग व अन्य।

## तालबद्ध सरगम का कराया अभ्यास

**अमृत विचार, लखनऊ:** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित ध्रुपद कार्यशाला के दूसरे दिन प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद वातावरण में प्रो. मधु भट्ट तैलंग ने विद्यार्थियों को ओमकार साधना सिखाई। कार्यशाला के दूसरे दिन के प्रारम्भ के अवसर पर विश्वविद्यालय की गायन विभागाध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर एवं तालवाद्य विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार मिश्रा के साथ विश्वविद्यालय के गायन विभाग के शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद रहे। गणेश वंदना के रूप में गणेश ध्यान मंत्र का सामूहिक गायन प्रो. मधु भट्ट तैलंग ने विद्यार्थियों से कराया।




विरोध प्रदर्शन के दौरान नारे लगाते लोग।

## प्रतिरोध मार्च निकाला

**अमृत विचार :, लखनऊ:** लाल बारादरी सील करने के विरोध में आइसा, एपवा, एआईसीसीटीयू, बीएपीएसए, भाकपा माले, रिहाई मंच, सोशलिस्ट पार्टी और नेशनलिस्ट यूथ पार्टी ने गुरुवार को परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक प्रतिरोध मार्च निकाला। पुलिस ने मार्च को बीच रास्ते में रोक दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि 22 फरवरी को लाल बारादरी को बिना सार्वजनिक कार्यपालक आदेश सील कर दिया गया।

आयोजन

कला एवं शिल्प महाविद्यालय में नवाचार का असमंजस और कला विषय पर हुआ कार्यक्रम

# नवाचार में असमंजस और कला की बारीकियां सिखा गए सुमन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कला एवं शिल्प महाविद्यालय में गुरुवार को नवाचार का असमंजस और कला विषय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नई दिल्ली से आए वरिष्ठ कला समीक्षक सुमन सिंह ने कला प्रेमियों को न्यू मीडिया आर्ट का उद्देश्य समझाया।

उन्होंने कहा कि कला में प्रयोग और नवाचार आवश्यक समझा जाता है, तो साथ ही परंपरा का निर्वहन भी इसका एक महत्वपूर्ण पक्ष है। ऐसे में अक्सर किसी नवाचार की स्थिति में असमंजस या कहें कि उसकी स्वीकार्यता और अस्वीकार्यता की बहस सामने आ जाती है। देखा जाता है कि रूढ़ीवादी लोग ज्यादातर मामलों में किसी भी नवाचार के विरोध में ही नजर आते हैं।

सुमन ने कहा कि आज से लगभग तीन चार दशक पहले जब एक्रेलिक कलर बाजार में आया तब उसे लेकर यही असमंजस सामने था। क्योंकि तब कैनवास पर चित्र रचना के लिए ऑयल कलर का प्रयोग प्रचलन में था। देखते देखते उनके बाद की पीढ़ी ने इसी एक्रेलिक माध्यम को अपनी पहली पसंद बना ली। पहले की बात करें तो फोटोग्राफी के आगमन के बाद दशकों तक यह बहस जारी रही कि फोटोग्राफी कला है या सिर्फ तकनीक।

अंततः कलात्मक फोटोग्राफी जैसे शब्द को मान्यता मिली। प्रदर्शनियों में पेंटिंग, छापाचित्र, रेखांकन और मूर्तिकला के साथ साथ फोटोग्राफी विधा में भी प्रविष्टियां स्वीकार्य हो गईं। वैसे छापा चित्रण से लेकर इंस्टॉलेशन और आर्ट परफॉर्मेंस तक को लेकर भी कुछ इसी तरह की कहानी दोहराई गई। भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने भी विचार रखे।



कला की बारीकियां समझाते सुमन सिंह, साथ में अन्य लोग।

## छात्र - छात्राओं ने 400 लोगों से किया संवाद

- अनिरुद्ध आचार्य ने कहा कि इंटरैक्टिव आर्ट इंस्टॉलेशन एक सहभागितापरक खेल / नाटक और परफ़ॉर्मेंस है, जिसका उद्देश्य घर की अवधारणा और उसके अर्थ की तलाश है। इसके तहत कला महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं ने अत्यंत उत्साह के साथ लखनऊ की सड़कों पर घूमते हुए लगभग 400 लोगों से संवाद किया। जिनमें मजदूर, ठेला-विक्रेता, शिक्षक, कलाकार, बच्चे, गृहिणियां, ऑटोचालक और विद्यार्थी शामिल थे। इस खेल के प्रतिभागियों को उन रेखाओं की भूलभुलैया के भीतर अपना घर खोजना होता है, जिन्हें वे स्वयं कागज़ पर बनाते हैं।

## टीम में ये रहे शामिल

- इस आयोजन के लिए बनाई गई टीम में ज्ञानेंद्र प्रताप शाह और कपिल शर्मा, सरोज शिखा, अंशिका सिंह, तनु गौतम, ऋतु पाल, अक्षत सिंह, आस्था राय, आस्था पांडेय, अमीषा, शिवांगी, आनंद कुमार, उत्कल पांडेय, खुशी वर्मा, देवेश गुप्ता और नेहा मित्तल के अलावा मयंक रस्तोगी, प्रकृति शाक्य, गार्गी भारतीया और सौरभ शामिल रहे।

## सिटी ब्रीफ

### पहले हो छात्रवृत्ति का भुगतान उसके बाद करेंगे फीस जमा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों की छात्रवृत्ति काफी विलंब होने के बाद भी नहीं आ पाई है। छात्र इसे लेकर आंदोलनरत है और मांग कर रहे हैं कि पहले छात्रवृत्ति दी जाए उसके बाद विश्वविद्याल की फीस जमा करेंगे। छात्रों की मांग है कि विलंब शुल्क और शुल्क न जमा करने पर नाम काटने का नियम रद्द किया जाए। विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस में उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई, जब छात्रों के एक समूह ने स्नातक पाठ्यक्रम की 2 हजार रुपया विलंब शुल्क देने से मना कर दिया और विरोध प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने परिसर के सभी गेट बंद कर दिए, जिससे नियमित शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्य बाधित हो गए। इस दौरान अतिरिक्त प्रॉक्टर मोहम्मद अहमद को हल्की चोट भी आई।

### गणित ओलम्पियाड में आव्या को मिला गोल्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अयोध्या रोड कैम्पस की कक्षा-3 की छात्रा आव्या पवन ने ओरेंज ग्लोबल ओलम्पियाड के अंतर्गत आयोजित गणित प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल अर्जित किया है। प्रतियोगिता का आयोजन इण्डियन टैलेन्ट ओलम्पियाड व ओरेन्ज एजूकेशन, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने इस मेधावी छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### छात्राओं में दिखा साक्षात्कार का उत्साह

**अमृत विचार, लखनऊ :** एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। सेवायोजन विभाग, आईटीसी मिशन सुनहरा कल, लाइटहाउस कम्युनिटीज एवं अवध डिग्री कॉलेज के तत्वावधान में किया गया। मेले में प्रतिभाग करने के लिए छात्राओं में अत्यधिक उत्साह दिखाई दिया। सुबह 8 बजे से ही पंजीकरण के लिए छात्राओं की भीड़ जुट गई। कोआर्डिनेटर प्रो. मोनिका श्रीवास्तव व डॉ. वैशाली अवस्थी ने बताया कि लगभग 300 छात्राओं ने 10 कंपनियों में विभिन्न पदों के लिए इंटरव्यू दिया जिनमें से लगभग 70 अगले राउंड के लिए शॉर्टलिस्ट हो गईं। शॉर्टलिस्ट होने वाली छात्राओं की सेकण्ड राउंड के बाद प्रारंभिक सैलरी दो से ढाई लाख रुपए वार्षिक होगी। प्रमुख रूप से रीटेल सेल्स, बैक आफिस एक्जीक्यूटिव, टेलीकालर, हाउस कीपिंग एवं पिकर पैकर पदों की तरफ रुझान देखने को मिला।

### महिला तीरंदाजी की तैयारी अंतिम दौर में

**अमृत विचार, लखनऊ :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 28 फरवरी से शुरू होने वाली राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आयोजन स्थल पर गुरुवार शाम टारगेट स्टैंड लगाए जा चुके हैं, जबकि शुक्रवार तक सभी 50 टारगेट लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली महिला खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए 1090 चौराहे स्थित एलडीए आर्चरी ग्राउंड को चयनित किया गया है। कल यहां कई दिग्गज तीरंदाज अभ्यास करती नजर आएंगी, जिससे मुकाबलों से पहले खिलाड़ियों को अंतिम तैयारियों का मौका मिलेगा। शनिवार सुबह से सीनियर महिला कंपाउंड और सीनियर महिला रिकर्व वर्ग की स्पर्धाएं शुरू हो जाएंगी। यूपी आर्चरी एसोसिएशन के संयुक्त सचिव योगेंद्र सिंह राणा ने बताया कि प्रदेश की सबसे बड़ी इनामी राशि वाली इस महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता का सभी को बेसब्री से इंतजार है।

### स्पीड चार्जर्स व वेलनेस वॉरियर्स सेमीफाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ गोल्फ लीग के पांचवें संस्करण के 10वें दिन ग्रुप ए के मुकाबलों के बाद सेमीफाइनल की तस्वीर साफ हो गई। ग्रुप ए से स्पीड चार्जर्स और वेलनेस वॉरियर्स ने अंतिम चार में स्थान पक्का कर लिया। दिन के अहम मुकाबले में स्पीड चार्जर्स ने कड़े संघर्ष में वेलनेस वॉरियर्स को 3-2 से हराया। स्पीड चार्जर्स की ओर से एएस कपूर और राकेश सेठ की जोड़ी ने शानदार खेल दिखाते हुए टीम को बढ़त दिलाई। आदित्य प्रताप सिंह और सुशांत मिश्रा की जोड़ी ने भी जीत दर्ज कर टीम की सफलता सुनिश्चित की। हालांकि हार के बावजूद वेलनेस वॉरियर्स सेमीफाइनल में पहुंचने में कामयाब रही। टीम की ओर से रोहन बांबी और डॉ. सुधीर कपूर ने जीत दर्ज की, जबकि दो मुकाबले बराबरी पर छूटे, जिससे उन्हें जरूरी अंक मिल गए। एक अन्य मुकाबले में हिंद वॉरियर्स ने पीपीएस दबंग को 3-2 से हराया।

# लखनऊ के अरशान ने किया रजत पर कब्जा

## मेरठ, सहारनपुर हॉस्टल, मुरादाबाद, वाराणसी, अलीगढ़, प्रयागराज के खिलाड़ियों ने हासिल किए स्वर्ण पदक



जूडो में विजेताओं के साथ अपर प्रमुख सचिव मुकेश मिश्रा व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- समन्वय राज्य स्तरीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता

**अमृत विचार:** राजधानी के अरशान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समन्वय राज्य स्तरीय सब जूनियर जूडो चैंपियनशिप में गुरुवार को रजत पदक अपने नाम किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में स्थित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई क्रीड़ा संकुल में खेली जा रही चैंपियनशिप में लखनऊ को अब तक मात्र एक पदक ही मिल सका है। दूसरे दिन भी मेरठ, सहारनपुर हॉस्टल, मुरादाबाद, वाराणसी, अलीगढ़, प्रयागराज के खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक हासिल किये। मैट पर खिलाड़ियों के बीच जीत के लिए जमकर जोरआजमाइश हुई।

### आज के परिणाम

**सब जूनियर बालक**

- 30 किग्रा से कम भार वर्ग : स्वर्ण- सागर (मेरठ), रजत- अरशान (लखनऊ), कांस्य- सलीम (गोंडा) और आरव सैनी (सहारनपुर)
- 35 किग्रा भार वर्ग : स्वर्ण- करण (सहारनपुर हॉस्टल), रजत- प्रदीप (आगरा), कांस्य- श्रेष्ठ प्रताप सिंह (मुरादाबाद) और गौरव (अलीगढ़)
- 40 किग्रा से कम भार वर्ग : स्वर्ण- रुद्र शर्मा (मुरादाबाद), रजत- अनमोल पाल (सहारनपुर), कांस्य : मयंक राजपूत (अलीगढ़) और शोभित (मेरठ)
- 50 किग्रा भार वर्ग : स्वर्ण- योगेश यादव (वाराणसी), रजत- अखिल कुमार यादव (अयोध्या), कांस्य- हर्षित (बरेली) और अजय राजपूत (आगरा)
- 60 किग्रा भार वर्ग : स्वर्ण- नीतीश कुमार कुशवाहा (सहारनपुर हॉस्टल), रजत- कृष्णा (मुरादाबाद), कांस्य- ऋतिक सिंह (आगरा) और नवाजिश (मेरठ)

**सब जूनियर बालिका**

- 32 किग्रा भार वर्ग-स्वर्ण -गौरांगी (सहारनपुर), रजत- यशी (मेरठ), कांस्य : आरोही केशरवानी (प्रयागराज) और ममता (अलीगढ़)
- 36 किग्रा भार वर्ग : स्वर्ण- काव्या गुप्ता (बरेली),
- 40 किग्रा भार वर्ग : स्वर्ण- आराध्या भारद्वाज (मेरठ), रजत- हरदियांशी (बीबी स्पोर्ट्स कॉलेज), कांस्य- माही गौर (गोंडा) और सुहाना (सहारनपुर)



टेलेंट हंट में छात्रों से बातचीत करते प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार सिंह। अमृत विचार

## टैलेंट हंट में हर्षी कक्कड़ को पहला पुरस्कार

**अमृत विचार , लखनऊ:** नेशनल पीजी कॉलेज में "लेटेंट टैलेंट हंट-04 (एग्ज़ीबिशन)" का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने 34 मॉडलों के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएसआईआर सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट के चीफ साइंटिस्ट एवं हेड इंडस्ट्री रिसर्च अलायंस ग्रुप प्रो. अतुल गोयल रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने की। मुख्य अतिथि प्रो. अतुल गोयल ने विद्यार्थियों से इनोवेटिव आइडिया, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शोध भावना और तकनीकी नवाचार को अपनाकर अपनी प्रतिभा को समाज एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का आह्वान किया। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं आधुनिक तकनीकों से अपनी अंतर्निहित क्षमताओं को जोड़ने की प्रेरणा दी। कंप्यूटर साइंस, रसायन विज्ञान, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, बॉटनी सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट्स में एआई और आधुनिक तकनीकों का समन्वय देखने को मिला। प्रथम पुरस्कार हर्षी कक्कड़ (प्रोजेक्ट 'नूरवी') को 5 हजार, द्वितीय पुरस्कार दो टीमों को 3500-3500 दिए गए।

# स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नाइपर रायबरेली व बीएसआईपी से एमओयू

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हुआ। समापन सत्र के मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश रहे। दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (नाइपर) रायबरेली की निदेशक प्रो. सुभिनी ए. सराफ एवं बीरबल सहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पेलियोसाइंसेज (बीएसआईपी) के निदेशक प्रो. महेश जी. ठक्कर को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान यूपीएसआईएफएस ने नाइपर रायबरेली और बीएसआईपी लखनऊ के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिससे अनुसंधान और नवाचार को नई दिशा मिलेगी। मुख्य अतिथि ने संस्थान के कॉलेज मैनेजमेंट एप 'शैडो' का शुभारंभ भी किया, जिसे डॉ. नेहा सिंह एवं विद्यार्थियों ने विकसित किया है। इस अवसर पर अमिताभ यश ने कहा कि तकनीक का अंतिम उद्देश्य आमजन को सुरक्षा और न्याय की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करना है। उन्होंने बिग डेटा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रियल-टाइम सर्विलांस, फेसियल रिकग्निशन सिस्टम और साइबर मॉनिटरिंग की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डिजिटल डाटा प्रोसेसिंग से अपराध नियंत्रण सशक्त हो रहा है।

# कृतज्ञ के खेल से एनईआर लखनऊ चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कप के साथ बी डिवीजन का फाइनल जीतने वाली एनईआर लखनऊ टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मैन ऑफ द मैच कृतज्ञ कुमार सिंह की शानदार गेंदबाजी के चलते एनईआर लखनऊ ने गुरुवार को बी डिवीजन के फाइनल में इंडियन इलेवन क्रिकेट क्लब को छह विकेट से पराजित कर चैंपियन बनने में कामयाब रहा। जीसीआरजी ग्राउंड पर खेले गए दो दिवसीय फाइनल मुकाबले में इंडियन इलेवन क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 174 रन बनाए। इसके जवाब में एनईआर लखनऊ ने पहली पारी में एक विकेट पर 108 रन बना लिए थे। उस समय दिनेश कुमार 44 रन और अंकित यादव 9 रन बनाकर क्रीज पर डटे थे। गुरुवार को खेल आगे बढ़ने पर दिनेश कुमार ने अपने स्कोर में 10 रन और जोड़ते हुए 54 रन बनाए। अंकित यादव 22 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद आशीष कुमार सिंह ने नाबाद 18 रन और शिव कुमार ने नाबाद 23 रन की उपयोगी पारी खेलकर टीम को जीत दिला दी।

एनईआर लखनऊ ने चार विकेट खोकर 177 रन बनाते हुए छह विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इससे पहले इंडियन इलेवन की पारी को 174 रनों पर समेटने में कृतज्ञ कुमार सिंह की गेंदबाजी निर्णायक साबित हुई, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। विजेता टीम को क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विनय मोहन ने ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के पीआरओ अभिजीत सरकार और बी डिवीजन के इंचार्ज ए. हसन भी मौजूद रहे।

# अंश के खेल से अखिल इंफ्रा की बड़ी जीत

**अमृत विचार , लखनऊ:** अंश पटेल के हरफनमौला प्रदर्शन के चलते अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब ने 21वीं बीबीडी एक डिवीजन क्रिकेट लीग के मुकाबले में एलडीए कोचिंग सेंटर को 100 रन के बड़े अंतर से शिकस्त दी। स्पोर्ट्स गैलेक्सी बी ग्राउंड पर खेले गए इस मैच में अखिल इंफ्रा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में सात विकेट पर 224 रन बनाए। अखिल इंफ्रा की ओर से अजीत वर्मा (36) और अभिषेक रोशन (72) ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। मध्यक्रम में उतरे अंश पटेल ने 44 रनों की तेजतर्रार पारी खेलकर स्कोर को चुनौतीपूर्ण बनाया। एलडीए कोचिंग सेंटर की तरफ से मनीष शर्मा और स्नेह कुमार दीक्षित ने दो-दो विकेट झटके। 225 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलडीए कोचिंग सेंटर की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही और 30 ओवर में 124 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से देश दीपक ने सर्वाधिक 28 रन बनाए, लेकिन वह टीम को हार से नहीं बचा सके। गेंदबाजी में भी अंश पटेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट अपने नाम किए। अंकुर चौहान ने भी तीन विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



ज्ञापन देते विभिन्न जिलो से आये शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर सैकड़ों शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर टेट अनिवार्यता के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने मार्च पास्ट कर सहायक पुलिस आयुक्त चौक राज कुमार सिंह के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया।

शिक्षकों का कहना है कि उत्तर प्रदेश राज्य में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 27 जुलाई 2011 से लागू हुआ है जिसके तहत अधिनियम लागू होने की तिथि के बाद नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) अनिवार्य की गई थी। पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को इससे मुक्त रखा गया था।

लेकिन 1 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए भी सेवा में बने रहने और पदोन्नति के लिए टेट उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। शिक्षकों ने इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए केंद्र सरकार से अध्यादेश लाकर पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट से छूट देने की मांग की है। धरने में सुधांशु मोहन, डॉ. प्रभाकांत मिश्रा, वीरेन्द्र सिंह, सुधीर सहगल, मनोज मौर्य, मंजू चौधरी, रेखा शुक्ला, विमला चंद्र, राखी वर्मा, अंजय दास और संजीव श्रीवास्तव सहित अनेक शिक्षकगण मौजूद रहे।

### शिक्षकों ने सीखीं ड्रोन की बारीकियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब में स्कूल शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका विषय फ्लाइट फ्रॉम स्क्रैच ड्रोन डिजाइन एंड मेकिंग वर्कशॉप था। शिक्षकों को ड्रोन तकनीक की मूलभूत अवधारणाओं से लेकर उसके व्यावहारिक निर्माण तक की जानकारी प्रदान की जा रही है। ताकि वे छात्रों को उभरती एयरोस्पेस और रोबोटिक्स तकनीकों के प्रति प्रेरित कर सकें। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के नेतृत्व व प्रो. बीएन मिश्रा, केशव सिंह, डॉ. अनुज कुमार शर्मा, महीप सिंह के मार्गदर्शन में शिक्षकों ने ड्रोन के बारे में जानकारी हासिल की।

### यूपी बोर्ड परीक्षा में कृषि भौतिकी और जलवायु के सवालों ने छकाया

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं के नौवे दिन हाईस्कूल पंजाबी व सिंधी भाषा जबकि इंटरमीडिएट कृषि भौतिक व जलवायु की परीक्षाएं प्रथम पाली में आयोजित की गई। जबकि दूसरी पाली में इंटरमीडिएट भूगोल की परीक्षाएं आयोजित की गई जिसमें पंजीकृत छात्रों की संख्या 2448 रही लेकिन 97 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। दोनों ही पालियों में 147 छात्र परीक्षा से अनुपस्थित पाए गए। जिले भर में परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीक से सम्पन्न हुई। कृषि भौतिकी और कृषि जलवायु का प्रश्नपत्र में छात्रों ने बताया कि कई प्रश्न काफी कठिन थे जिन्हें हल करने में माथापच्ची करना पड़ा। प्रथम पाली में ही हाईस्कूल की भारतीय भाषाओं की परीक्षाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान तीन सचल दलों ने कुल 16 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और नकलमुक्त परीक्षा पर संतोष व्यक्त किया। वहीं, संस्कृत की पूर्व मध्यमा और उत्तर मध्यमा परीक्षाओं में कुल 78 छात्र पंजीकृत थे लेकिन इनमें से 8 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी।

## सिटी डायरी




कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

### उत्कर्ष-2026 का शुभारंभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबू बनारसी दास एजूकेशनल ग्रुप के तत्वावधान में 26 से 28 फरवरी तक आयोजित 'उत्कर्ष-2026' का शुभारंभ हुआ। विरासत से विकास तक थीम पर आधारित समारोह में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से खूब तालियां बटोरी। समारोह में मुख्य अतिथि नीरज सिंह, चेयरमैन, फिक्की-लीडर्स फोरम, यूपी चैप्टर ने "विरासत से विकास तक" थीम को सशक्त संदेश बताते हुए शिक्षा में संस्कारों के महत्व पर बल दिया। बीबीडी ग्रुप के प्रेसीडेंट एवं प्रोचांसलर विराज सागर दास ने उत्सव को प्रतिभा, सृजनात्मकता और राष्ट्र निर्माण की प्रेरक यात्रा का प्रतीक बताया। वाइस प्रेसीडेंट सोनाक्षी दास, मुख्य अधिशाषी निदेशक आरके अग्रवाल, वाइस चांसलर प्रो. एसके श्रीवास्तव, प्रो. वाइस चांसलर डॉ. एससी शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. सुधर्मा सिंह सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। अंत में मुख्य संयोजक प्रो. एसएमके रिजवी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



रस्साकस्सी में मुकाबला करते छात्र।

### छात्रों के योग नृत्य से शुरू हुआ अरिहंत

**अमृत विचार, लखनऊ :** महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में वार्षिक खेल, सांस्कृतिक और साहित्यिक महोत्सव 'अरिहंत-2026' का आरंभ किया गया है। चार दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 28 फरवरी तक कैंपस में खेल मुकाबले, रंगारंग प्रस्तुतियां और साहित्यिक प्रतियोगिताओं की धूम रहेगी। महोत्सव के प्रथम दिन क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और एथलेटिक्स की स्पर्धाओं ने खेल मैदान को रोमांच से भर दिया। सांस्कृतिक मंच पर एकल गायन और समूह नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को प्रभावित किया। पत्र लेखन और निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने विचारों की स्पष्टता और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। कुलपति प्रो. बीपी सिंह ने छात्रों को खेल भावना और एकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



संगोष्ठी में उपस्थित ज्योतिर्विज्ञान विभाग के शिक्षक।

### भाषा व अभिव्यक्ति पर हुई संगोष्ठी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के ज्योतिर्विज्ञान विभाग और बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त तत्वाधान में अपनी भाषा और अपनी अभिव्यक्ति विषयक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों को मातृभाषा में आत्मविश्वासपूर्वक विचार व्यक्त करने के लिए प्रेरित करने और भाषा और बौद्धिक विकास के संबंध में वक्ताओं ने अपने विचार रखे। विभाग के समन्वयक डॉ. श्यामलेश कुमार तिवारी ने भाषा को व्यक्ति की पहचान, चिंतन और सृजन का मूल आधार बताते हुए मातृभाषा में अभिव्यक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार पोरवाल ने किया। बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से अनुमिता सिंह एवं निधि कुमारी ने अपने विचार रखे।



रिवायत में प्रस्तुति देनी वाली छात्राएं।

### रिवायत में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समिति ने 'रिवायत 8.0' का आयोजन किया। देशभर से आए प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। नुक्कड़ नाटक में सामाजिक सरोकारों पर प्रभावी प्रस्तुति दी गई, जिसमें काव्योम फाउंडेशन और राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, पटियाला संयुक्त रूप से प्रथम रहे।

**आयोजन** — जर्मनी, चीन, ताइवान समेत देश के कई शिक्षाविद, शोधकर्ता रहे शामिल

# शकुन्तला विवि में जुटे कई देशों के विशेषज्ञों ने दिए व्याख्यान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में 'बायोरिहैब-2026' राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

**अमृत विचार:** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग की ओर से "एडवांसेज इन इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्युनिकेशन एंड रिहैबिलिटेशन टेक्नोलॉजीज (बायोरिहैब-2026) राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। हाइब्रिड माध्यम से आयोजित सम्मेलन के मुख्य अतिथि ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा रहे। अध्यक्षता पुनर्वास विश्ववद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिह ने किया। उन्होंने कहा कि 'बायोरिहैब-2026' केवल एक शैक्षणिक सम्मेलन नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक सशक्त पहल है।

मुख्य अतिथि प्रो. अजय तनेजा ने एआई आधारित इलेक्ट्रॉनिक्स एवं पुनर्वास प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की पहलों की सराहना की। कार्यक्रम में संरक्षक प्रो. सीके दीक्षित, रोहित सिंह व सह-संरक्षक डॉ. दिनेश कुमार सिंह का सहयोग रहा। प्रमुख वक्ताओं में आईआईटी दिल्ली, बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आईटी दिल्ली, आईआईटी रोपड़, नेशनल काओशुंग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ताइवान, ब्रैंडेनबर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी जर्मनीऔर हूबेई पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी चीन के विशेषज्ञ शामिल रहे। डॉ. विजय नाथ (बीआईटीएस रांची), डॉ. जिनेन्दर शुक्ला (आईआईआईटी दिल्ली), प्रो. चिन-शिउ शिएह (ताइवान), डॉ. अखिलेश वर्मा (जर्मनी) और प्रो. एनपी यादव (चीन) ने अपने महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किए। आयोजन समिति में डॉ. शेखर यादव, विनय सिंह, अनिल गौर, शांभवी तिवारी, डॉ. सुरभि मिश्रा और अमित कुमार यादव का सक्रिय योगदान रहा। छात्र संयोजकों में आयुष तिवारी, अभिराज सिंह, अनुभव चौधरी, अमित यादव व दिव्यांश गौतम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### 54 शोध पत्रों का हुआ प्रस्तुतीकरण

सम्मेलन में कुल 54 शोध-पत्रों का प्रस्तुतीकरण तीन तकनीकी सत्रों एआई एवं एमएल इन रिहैबिलिटेशन इंजीनियरिंग, एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन फॉर हेल्थकेयर और स्मार्ट असिस्टिव एंड रिहैबिलिटेशन टेक्नोलॉजीज़ में किया गया। मुख्य वक्तव्यों, विशेषज्ञ व्याख्यानों एवंतकनीकी चर्चाओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उन्नत संचार प्रणालियों, जैव-चिकित्सकीय अनुप्रयोगों तथा सहायक तकनीकों के क्षेत्र में नवीन शोध एवंनवाचार को प्रोत्साहित किया